प्रेषक,

**निदेशक,**
**पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

**समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,**
**उ0प्र0।**

Computer No.: 342795 दिनांकः जून, 2026

**विषयः—पंचायत सहायकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं मांगों के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक पंचायत सहायक/एकाउन्टेण्ट—कम—डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा प्रेषित मांग पत्र संख्या—29/PSKU/MEM/2026 दिनांक 26.05.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिससे यह ज्ञात हुआ है कि कतिपय जनपदों में पंचायत सहायक/एकाउन्टेण्ट—कम—डाटा इण्ट्री आपरेटर को समय से मानदेय प्राप्त नहीं हो रहा है। जिसके सम्बन्ध में निम्नानुसार जनपद स्तर से कार्यवाही की जानी हैः—

**अ. पंचायत सहायकों के मानदेय भुगतान के संबंध में**

1. पंचायत सहायकों के मानदेय भुगतान की नियमित समीक्षा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) स्तर पर की जाए।
2. यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत सहायकों का मानदेय निर्धारित समयावधि में भुगतान हो तथा मानदेय सम्बन्धी कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे।
3. मानदेय भुगतान में विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. पंचायत सहायकों के मानदेय भुगतान की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से की जाए।

**ब. पंचायत सहायकों को मोबाइल उपलब्ध कराए जाने के संबंध में**

1. पंचायत सहायकों को कार्य निष्पादन हेतु मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाने का निर्णय संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा अपनी आवश्यकता एवं उपलब्ध स्वयं के संसाधन (OSR) की धनराशि से प्रचलित वित्तीय नियमों का पालन करते हुए किया जा सकता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त बिन्दुओं का अक्षरशः पालन कराते हुए ग्राम सचिवालय का शत प्रतिशत संचालन कराना सुनिश्चित करें।

<u>**संलग्नकः यथोपरि।**</u>

Digitally signed by
AMIT KUMAR SINGH भवदीय
Date: 15-06-2026
18:49:52

**(अमित कुमार सिंह)**
निदेशक
पंचायतीराज उ0प्र0।

**पृ.संख्या एवं दिनांकः यथोपरि।**
**प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उ0प्र0शासन को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. समस्त उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0

Digitally signed by
SURENDRA NATH SINGH
Date: 15-06-2026
18:56:58

**(एस0एन0सिंह)**
संयुक्त निदेशक
पंचायतीराज उ0प्र0।